बीएचईएल ने सर्वाधिक राष्ट्रीय सुरक्षा पुरस्कार जीते

नई दिल्ली, 17 सितंबर: देश में सार्वजनिक और निजी क्षेत्र की कंपनियों के समूह में, भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) ने सबसे लंबे समय तक दुर्घटना-मुक्त अवधि और इसके कार्य स्थलों पर सबसे कम दुर्घटना आवृत्ति दर के मामले में उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए सर्वाधिक 'राष्ट्रीय सुरक्षा पुरस्कार' (नौ) जीते है। बीएचईएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक डॉ. नलिन सिघल द्वारा यह पुरस्कार माननीय श्रम एवं रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), श्री संतोष कुमार गंगवार के कर-कमलों से नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में प्राप्त किया। उल्लेखनीय रूप से बीएचईएल अपनी स्थापना के बाद से लगातार भारत सरकार के श्रम मंत्रालय द्वारा संस्थापित, यह प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पुरस्कार जीत रहा है।